Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding establishment of 'Khelo India' Centres in Madha Parliamentary Constituency, Maharashtra-Laid.

श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर (माधा): मेरे माधा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में महाराष्ट्र के सतारा और सोलापुर जिलों के 6 विधान सभा क्षेत्र हैं जिनके नाम हैं - माधा, करमाला, सांगोल, मालशिरस, फाल्टन और मान महाराष्ट्र के इन सभी जिलों व तालुकों में खेलगत ढांचा लगभग नगण्य हैं । इन सभी जिलों व तालुकों में खेलो इंडिया केन्द्र स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि इस क्षेत्र के तथा विशेषत: इन जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभावान युवक / युवतियों का चयन कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में खेलने के लिए तैयार किया जा सके । आदरणीय मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में 1000 जिला स्तरीय खेलो इंडिया केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया है तथा इस हेतु पहले चरण में 100 जिलों की पहचान की जा रही है । अत: मेरा आपसे अनुरोध है कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र माधा के सभी विधान सभा क्षेत्रों में कम से कम एक एक खेलो इंडिया केन्द्र की स्थापना की जाए तथा इन केन्द्रों में सरकार द्वारा चयनित सभी 14 खेल विधाओं हेतु आवश्यक ढांचागत सुविधाओं सहित इन सभी खेलों में प्रशिक्षत कोचों द्वारा प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं । इस सम्बन्ध में मैंने माननीय खेल मंत्री जी को पत्र लिखकर निवेदन भी किया है ।